रखलो नौकर खाटू वाले अपने धाम पे | by Mukesh Kumar

रखलो नौकर खाटू वाले अपने धाम पे
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के

मुख पर तेरा नाम सदा हो सुन्दर हो छवि हो नैनो में
काम यही सुबह शाम मेरा हो ध्यान लगाऊं चरणों में
करूँ सेवा हर भगत की जो भी आये धाम पे
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के
रखलो नौकर खाटू वाले............

मुखड़ा तेरा भोला भाला लगता सबको प्यारा है
धन दौलत की कमी ना रहती जिसको तेरा सहारा है
चरणों की तेरी धूली से तर जाए दास ये
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के
रखलो नौकर खाटू वाले............

मिलता है सच्चा सुख केवल बाबा तेरी नगरी में
बिनती यही मैं लेकर आया रखना हर दम चरनी में
करना पूरण कारज सारे अपने दास के
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के
रखलो नौकर खाटू वाले............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a5%8c%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a7/